प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र का आज हुआ समापन : विधानसभा में मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने कहा– बॉटम थ्री से देश के टॉप थ्री राज्यों में पहुंचा है प्रदेश।
2. मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कल गौतम बुद्ध नगर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की रखेंगे आधारशिला : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में वर्चुअली होंगे शामिल।
3. प्रधानमंत्री 22 फरवरी को संपूर्ण दिल्ली–गाज़ियाबाद–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर और मेरठ मेट्रो के 12 स्टेशनों का राष्ट्र को समर्पित कर जनसभा को करेंगे संबोधित।

और

4. गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी क मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज सुल्तानपुर में एमपीएमएलए कोर्ट में दर्ज कराये बयान : 9 मार्च को होगी अगली सुनवाई।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन आज विधानसभा में बजट को ध्वनिमत से पारित किया गया। इसी के साथ सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के

लिये स्थगित कर दी गई। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज विधानसभा में बजट पर हुई चर्चा में बजट को ऐतिहासिक करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बॉटम थ्री राज्यों की श्रेणी से निकल कर देश के टॉप थ्री राज्यों में स्थान बनाया है। बाइट......

*उत्तर प्रदेश की जो स्थिति उत्तर प्रदेश देश के अंदर बड़े राज्यों में अगर आप देखें तो बॉटम थ्री राज्यों में आता था जो सबसे नीचे के राज्यों में उत्तर प्रदेश की गिनती होती थी और बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश हो गए। लेकिन इन आठ साढ़े आठ नौ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के अंदर परिवर्तन आया है। बॉटम थ्री से टॉप थ्री राज्यों में उत्तर प्रदेश को पहुंचाने का काम इसी डबल इंजन सरकार ने किया है टॉप थ्री राज्यों में।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश के प्रति पर सेप्शन में देश–विदेश में व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन स्पष्ट नीति, शुद्ध नीयत और प्रभावी वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। बाइट......

*परसेप्शन चेंज हुआ है। हमारे उत्तर प्रदेश का नागरिक देश के अंदर और दुनिया के अंदर कहीं जाता है तो और आपसे सामने वाले का चेहरा चमकता है। अच्छा उत्तर प्रदेश से यह परसेप्शन यह जो परिवर्तन आया है सरकार की नीतियों के कारण स्पष्ट नीति और शुद्ध नियत के नाते यह परिवर्तन देखने को मिला है और उसी परिवर्तन का परिणाम है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने लीकेज रोके, भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया और वित्तीय अनुशासन को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आज यूपी को ट्रस्ट टेक्नोलॉजी और ट्रांसफॉर्मेशन से नई पहचान मिली है।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने दो सप्ताह तक चले बजट सत्र के संचालन के लिए अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष ने बेरोजगारी और महंगाई मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से वाक आउट किया।

वहीं विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी ने शिक्षामित्रों का मुद्दा उठाया। बेसिक शिक्षा मंत्री सन्दीप सिंह ने कहा सरकार शिक्षा मित्रों के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है। मानदेय बढ़ाने के लिए मंत्रिपरिषद में प्रस्ताव रखा जायेगा और मंत्रिपरिषद ही इस पर निर्णय करेगी।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कल गौतमबुद्ध नगर के जेवर में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*उद्घाटन समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा संबंधी तमाम व्यवस्थाओं पर काम शुरू हो गया है। जिलाधिकारी मेधा रुपम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाएं। यमुना सिटी में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सेमीकंडक्टर यूनिट लगाएगी। कंपनी को सेक्टर–28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। इससे करीब चार हजार लोगों को*

*रोजगार मिलेगा। यह कंपनी 2,40,000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। इकाई के लगने से प्रदेश और देश की सेमीकंडक्टर के मामले में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। विशाल धर दूबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्धनगर।*

————————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 फरवरी को मेरठ के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इस दौरान श्री मोदी न्यू अशोक नगर से सराय काले खां तक 5 किमी के सेक्शन और मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक 21 किमी के सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही संपूर्ण दिल्ली–गाज़ियाबाद–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर जनता के लिए परिचालित हो जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री मेरठ मेट्रो के 12 स्टेशनों के साथ 21 किलोमीटर खंड का उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोहिउद्दीनपुर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसी क्रम में आज एनसीआरटीसी की ओर से नमो भारत और मेरठ मेट्रो का सफल ट्रायल किया गया। उद्घाटन को लेकर मेरठ से बीजेपी सांसद अरुण गोविल ने कहा कि इससे मेरठ ही नहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश के विकास को गति मिलेगी यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प को पूरा करेगी। बाइट.....**

*नमो भारत का लोकार्पण होगा, उद्घाटन होगा। जिससे मेरठ के और उस सभी पश्चिम क्षेत्र के विकास में को बहुत गति मिलेगी। जिसके लिए हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी जाने जाते हैं कि जिस रफ्तार से वह काम कर*

*रहे हैं, जिस रफ्तार से वह देश के विकास में प्रगति आई है और जो उनका संकल्प लिया है उन्होंने, सभी देशवासियों ने भी वह संकल्प लिया है कि 2047 तक हमें हमारे देश को विकसित भारत बना दें। तो यह उसी की नींव है।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज सुल्तानपुर जिले में सांसद–विधायक अदालत में पेश हुए। श्री गांधी ने वर्ष 2018 में गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपनी टिप्पणियों से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। रायबरेली से लोकसभा सांसद राहुल गांधी को 9 मार्च को अगली सुनवाई में अपने बचाव में सबूत पेश करने को कहा गया है।**

————————

**उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।**

बैठक में राजस्व विभाग, ग्राम विकास विभाग, न्याय विभाग एवं गृह विभाग के कायां की प्रगति, जनहित से जुड़े मामलों तथा आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकता जनता को त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार की पहचान है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

————————

<u>क्रीड़ा प्रतियोगिता</u>

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण के साथ युवाओं को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।

बाइट......

*बच्चों का सर्वांगीन विकास हो, फिजिकल फिटनेस हो और यह केवल उनके फिजिकल फिटनेस का विषय नहीं है। अगर बच्चे खिलाड़ी होंगे, अच्छे मजबूत होंगे तो देश भी मजबूत होगा। इन्हीं से बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उसके कारण से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आती है। प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलता है।*

————————

सिद्धार्थनगर जनपद में आज दिव्यांग बच्चों के लिये पर्पल फेयर का आयोजन किया गया। स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने आकाशवाणी को बताया कि कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को उपकरण बांटे गये, और बच्चों ने विभिन्न कलाओं का भी प्रदर्शन किया। बाइट......

*184 उपकरण वितरित किए गए जो भारत सरकार के आईडीपी योजना के अंतर्गत था। सबसे खास बात आज इन बच्चों ने क्रिकेट खेला इन बच्चों ने जो डीप डंप थे उन्होंने और जो मेंटली डियर मेंटली रिटायर्डेड थे उन्होंने गाना गाया और कुछ मतलब आजमगढ़ के बच्चे दिव्यांग थे उन्होंने मतलब फूड बनाया कुछ बच्चों ने रंग बनाया तो एक तरह से इन बच्चों को ना केवल अभी तक स्टेक होल्डर बल्कि को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मतलब ट्रेनिंग भी शुरू किया है यह सीआरडी गोरखपुर मेडिकल कॉलेज।*

————————

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज खादी भवन लखनऊ में 7 दिवसीय लघुखादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। खादी मंत्री ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को जन–जन तक पहुंचाने और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

————————

आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्वकप में कल से सुपर आठ चरण के मुकाबले शुरू होंगे। पहले मैच में न्यूजीलैंण्ड और पाकिस्तान आमने–सामने होंगे। वहीं भारत, रविवार को

अपना पहला मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। विश्वकप के सेमीफाइनल मुकाबले चार औऱ पांच मार्च को खेले जाएंगे। फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा।

(समाप्त)